दिनांक 10/09/2020

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

कोरोना के संक्रमण को रोकने अस्पतालों के साथ सामाजिक भवनों को किया जा रहा है सेनेटाइज

भिलाई नगर/ कोविड- 19 के संक्रमण को ध्यान में रखते हुए हास्पिटल और सामाजिक एवं सांस्कृतिक भवनों के साथ घरों को सेनेटाइज करने का अभियान चलाया जा रहा है। नेहरू नगर जोन क्रमांक 1 की टीम लगातार शास्त्री अस्पताल सुपेला में सैनिटाइजिंग का कार्य कर रही है! कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे एवं निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने क्षेत्र में कोरोनावायरस के रोकथाम एवं नियंत्रण के निर्देश दिए हैं! जिसके तहत सैनिटाइजिंग का कार्य किया जा रहा है!

वैशाली नगर जोन- 2 की टीम ने ट्रैक्टर टैंकर से सीएम हास्पिटल , शासकीय अस्तपाल वैशाली नगर , रामनगर मुक्तिधाम, कब्रिस्तान, सड़क नंबर-2 और सड़क 23 शांति नगर क्षेत्र को सेनेटाइज किया। कर्मचारियों के दल ने वार्ड-10 चंद्र नगर, शांति नगर, वार्ड-11 सेंट जॉन स्कूल के पास , गांधी नगर, माला पंप, वार्ड-13 राजीव नगर, नहर किनारे, शहीद भगत सिंह मार्ग, माडर्न ब्रेड लाइन, वार्ड-15 वैशाली नगर, गोल मार्केट, एमआईजी और इडब्ल्यू कॉलोनी को सेनेटाइज किया! वार्ड- 16 कुमुद बस्ती, भाठापारा, सुंदर विहार, कैलाश नगर, विश्व बैंक कॉलोनी, वार्ड-17 वृंदा नगर, अटल आवास, वार्ड कार्यालय, वार्ड-18 प्रेम नगर , मस्जिद रोड, सांई नगर, वार्ड-19 शक्ति नगर, सुभाष चौक, वार्ड-26 हाउसिंग बोर्ड चौक, करबला मैदान, जनता क्वाटर, अटल आवास, लाल पानी टंकी के पीछे , वार्ड-27 घासी नगर बांबे आवास और शीतला मंदिर एरिया की सफाई के साथ सेनेटाइज किया गया।

जोन-3 मदर टेरेसा नगर की टीम ने 685 मीटर नाली की सफाई के साथ सार्वजनिक क्षेत्रों , मकानों को सेनेटाइज किया। वार्ड 24 शारदा पारा में कचरे से जाम हो गई नाली की सफाई की गई। लगभग 230 मीटर नाली की सफाई कर दवाई छिड़काव किया गया। 115 घरों को सैनिटाइज और 240 घरो में टेमीफास दवा का वितरण किया गया। 105 घरों के सेप्टिक टैंक की पाइप में जाली लगाई गई। वार्ड- 25 संतोषी पारा जन जागरण दुर्गा मंच लाइन के समीप की नाली सहित कुल 200 मीटर नाली और 600 मीटर सड़क की सफाई के साथ ही सेनेटाइजिंग किया गया।

जनसंपर्क अधिकारी